आसनसोल (पश्चिम बर्धमान) वर्ष - 2 , अंक - 132, RNI No. WBHIN/2019/78087 E-paper : www.awaz.co.in संवत 2077, मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, तृतीया गुरुवार, 3 दिसंबर 2020, पृष्ठ - 12 ₹4.00




औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख दैनिक (स्थापित : 15 अगस्त, 1947)

# आवाज

धनबाद, हजारीबाग, देवघर व आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से प्रकाशित






# दिल्ली पब्लिक स्कूल के चेरमैन और गोयनका को महाराष्ट्र सरकार ने किया सम्मानित

**आवाज प्रतिनिधि। 2 दिसंबर**

**आसनसोल** । अभूतपूर्व वैश्विक महामारी कोविड ने निर्धन वर्ग की कमर जिस प्रकार तोड़ी हैए इससे हम सभी परिचित हैं सप्राकृतिक आपदाओं के समय पर केन्द्र तथा राज्य सरकारों के साथ साथ विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं तथा समाजसेवियों ने आगे बढ़कर गरीब तथा बेसहारा लोगों की खुले दिल से सदैव सहायता की है स दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्रो.वाइस चेयरमैन तथा प्रमुख समाजसेवी रमेश प्रसाद गोयनका ने कोरोना संक्रमण के कारण हुई तालाबन्दी के दौरान बेरोजगार हुए प्रवासी मजदूरों ए कामगारों तथा असहायलोगों केभोजन तथाअन्य आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति की व्यवस्था कर देशए समाज एवं मानवता के प्रति अपने कर्तव्य का बखूबी निर्वहन कर एक मिसाल पेश की है सश्री गोयनका ने तीन महीनों से भी अधिक अवधि तक पंद्रह सौ से अधिक जरूरतमन्द लोगों के लिए तीनों समय के शुद्ध व पोषक भोजन की व्यवस्था कर इस मुश्किल घड़ी में




मदद का बीड़ा उठाया। इसके अलावा गरीब मजदूरों की बस्तियों में घर.घर जाकर और जरूरतमंद लोगों के लिए शुद्ध पेय.जल तथा भोजन के पैकेट्स भी वितरित किए । महाराष्ट्र सरकार ने गोयनका द्वारा संकट काल में की गयी समाजसेवा की सराहना की है महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कोरोना योद्धाओं हेतु आयोजित सम्मान समारोह में गोयनका के इस अनुकरणीय कार्य के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।